जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 60 | अंक-14 | जयपुर, सोमवार, 8 अप्रैल, 2024 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## बड़ी खबर-कम होंगे मंत्रालय, बुजुर्गों की बढ़ेगी पेंशन, मोदी 3.0 की तैयारी में जुटे अधिकारी

**नई दिल्ली (हमारा वतन)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लोकसभा चुनाव में अपनी जीत को लेकर आश्वस्त दिख रही है। भगवा पार्टी को विश्वास है कि नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। सरकारी अधिकारी भी इस बात को लेकर काफी आश्वस्त नजर आ रहे हैं। देश के टॉप अधिकारी नई सरकार के लिए कार्य योजना बनाने में जुट गए है। पीएम मोदी अगर तीसरी बार कमान संभालते हैं तो इस बात की संभावना है कि मंत्रालयों की संख्या कम की जा सकती है। वर्तमान में कुल 54 मंत्रालय हैं। इसके अलावा अगले छह वर्षों में विदेशों में भारतीय मिशनों की संख्या में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने की भी संभावना है। बुनियादी ढांचे में अधिक प्राइवेट निवेश के साथ-साथ प्राथमिकता वाली परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण को आसान बनाने के लिए तंत्र वितसित करने पर जोर रहेगा। इस महीने कैबिनेट सचिव द्वारा बुलाई गई बैठकों के दौरान चर्चा किए जाने वाले एक मसौदा पत्र में 2030 तक पेंशन लाभ के साथ वरिष्ठ नागरिकों की हिस्सेदारी को 22 प्रतिशत से दोगुना कर 50 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा



गया है। वहीं महिलाओं की भागीदारी को 37 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया जाएगा। आपको बता दें कि दुनिया में यह औसत करीब 47 प्रतिशत है।

नई सरकार ई-वाहनों की बिक्री पर जोर देने वाली होगी। इसकी हिस्सेदारी 7 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत से अधिक करने का लक्ष्य तय किया गया है। सूत्रों ने कहा कि 2030 तक अदालतों में लंबित मामलों की संख्या वर्तमान में 5 करोड़ से घटाकर 1 करोड़ से कम करने का भी लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए अगले छह वर्षों में न्यायपालिका में रिक्तियों को 22 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत करने की योजना है। वर्तमान में देश में रक्षा खर्च को सकल घरेलू उत्पाद के 2.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 3 प्रतिशत करने पर भी विचार हो रहा है। अनुसंधान के लिए रक्षा बजट की हिस्सेदारी 2 प्रतिशत से बढ़ाकर 3 प्रतिशत करने पर भी चर्चा हो रही है। इस दौरान दुनिया भर में हथियारों के आयात में भारत की हिस्सेदारी आधी करने की परिकल्पना की गई है। इससे पता चलता है कि सरकार रक्षा उपकरणों के स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने के अपने प्रयासों को दोगुना करने का इरादा रखती है। हालांकि इनमें से कई मुद्दों पर पहले भी चर्चा की गई है, लेकिन चुनाव की घोषणा से पहले पीएम के साथ चर्चा ने उन्हें फिर से पटरी पर ला दिया है। पहले की बैठक के दौरान अधिकारियों ने परिवहन क्षेत्र के मंत्रालयों को मर्ज करने का आह्वान किया था। कैबिनेट सचिव स्तर की चर्चा में बताया गया है कि चीन में 26 , ब्राजील में 23 और अमेरिका में सिर्फ 15 मंत्रालयों के साथ सरकार चलती है। जानकारी के लिए आपको यह भी बता दें कि नौकरशाह इस योजना पर काम कर रहे हैं, लेकिन अंतिम फैसला राजनीतिक होगा क्योंकि सांसदों और गठबंधन के सहयोगियों को समायोजित करने के लिए मंत्रालयों की संख्या बढ़ती गई है।



## सरस्वती स्कूल की टैलेंट सर्च एग्जाम में शामिल हुए हजारों स्टूडेंट्स,विजेता को मिलेगा 51 हजार का पुरस्कार

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं शहर के इंद्रा कॉलोनी स्थित सरस्वती विद्या विहार सीनियर सेकेंडरी स्कूल की टैलेंट सर्च एग्जाम-2024 सरस्वती स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट सुबह 11 बजे से दोपहर 1बजे के बीच आयोजित की गयी।

डायरेक्टर राजेंद्र कुमार यादव ने बताया कि यह एग्जाम क्लास आठवीं, नवीं और दसवीं क्लास के स्टूडेंट्स के आयोजित की गयी है । टेस्ट में हजारों स्टूडेंट्स शामिल हुए । विजेताओं को पहला पुरस्कार 51000 रुपए का दिया जाएगा जिसमें 11000 रुपए नगद और स्कॉलरशिप होगी, दूसरा पुरस्कार 31000 रुपए का होगा जिसमें 5100 रुपए नगद और स्कॉलरशिप होगी, तीसरा पुरस्कार 21000 रुपए का होगा जिसमें 2100 रुपए नकद और स्कॉलरशिप होगी। इसके साथ ही प्रथम 100 प्रतिभागियों को टी-शर्ट और सभी प्रतिभागियों के लिए आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। सभी प्रतिभागियों के लिए परीक्षा के दिन बस सुविधा सभी रूटों पर फ्री रही। सैकड़ों स्टूडेंट्स ने हाथों हाथ फॉर्म भरकर भी एग्जाम दी । गौरतलब है कि सरस्वती कैरियर इंस्टिट्यूट में नीट, आईआईटी, जेईई, सीयूईटी, जेट, एनटीएसई, 11वीं 12वीं फाउंडेशन और 9वीं -10वीं प्री फाउंडेशन की तैयारी भी करवाई जा रही है ।

## रतलाम में कांग्रेस संगठन कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ सम्पन्न

**रतलाम (हमारा वतन)।** राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा रतलाम झाबुआ लोकसभा क्षेत्र के लिए कांतिलाल भूरिया को कांग्रेस प्रत्याशी बनाया है । जिसको लेकर रतलाम शहर,



रतलाम ग्रामीण एवं सैलाना का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में दिशा निर्देश देने हेतु प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रभारी (रतलाम जिला) विधायक प्रताप ग्रेवाल ,मध्य प्रदेश युवक कांग्रेस अध्यक्ष विधायक विक्रांत भूरिया, प्रदेश कांग्रेस से लोकसभा हेतु प्रभारी विधायक वाला बच्चन, पूर्व विधायक हर्ष विजय गहलोत उपस्थित रहे ।

मध्यप्रदेश कांग्रेस संगठन अध्यक्ष जीतु पटवारी ने सभी आये हुए कांग्रेस वरिष्ठ एवं कनिष्ठ ने स्वागत किया । उसके पश्चात सभी कांग्रेस जन को संबोधित कर कहा कि शहर एवं ग्रामीण अध्यक्ष एवं पदाधिकारी जमीनी कांग्रेस कार्यकर्ता को चुनाव जीतना है। लोकसभा चुनाव में भागीदारी एवं सफल करने हेतु मंत्रणा की गई और कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने में समय देकर एवं सहयोग कर चुनावें।

## भाजपा प्रत्याशी सुमेधानंद सरस्वती ने चुनाव कार्यालय का किया शुभारंभ

**चौमूं (हमारा वतन)।** लोकसभा सीकर चुनावों को लेकर चौमूं में भारतीय जनता पार्टी के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ प्रत्याशी सुमेधानंद सरस्वती ने रींगस रोड राधाकृष्ण गार्डन चौमूँ में किया। चुनाव कार्यालय का शुभारंभ प्रातः काल में पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक रामलाल शर्मा भी उपस्थित रहे।



सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि देश में वर्तमान में जो चुनावी लड़ाई चल रही है उससे ये स्पष्ट है एक तरफ़ फ़ैमली फर्स्ट वाले लोग है और दूसरी तरफ़ नेशन फ़र्स्ट वाले लोग है । एक तरफ़ जातिवाद का नारा देकर सामाजिक ताने बाने को छिन्न भिन्न करने वाले लोग है दूसरी तरफ़ राष्ट्रवाद के आधार पर एक भारत श्रेष्ठ भारत की बात करने वाली भारतीय जनता पार्टी है । इस मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष गजानंद कुमावत, बाँसा अध्यक्ष श्रीराम शर्मा, आशीष दूसाद, अर्चना कुमावत, बजरंगलाल सोनी, कालूराम जाट, नानूराम सैनी, संदीप भातरा, मोहनलाल यादव, बलदेव टाँक, सुमन सैनी, पंचायत समिति गोविंदगढ़ प्रधान रामस्वरूप यादव, दिनेश गोरा, रमेश शर्मा, वंदना दीक्षित, पूजा शर्मा, मदन लाल गोरा, राहुल बागरा, संदीप शर्मा, मुकेश जोशी, एनआर यादव, रामस्वरूप नासना, विनोद गोदारा, अनिल मीणा, रामावतार कुलदीप, संदीप कुमावत, मोहन जलुथरिया, राजेंद्र प्रजापत, आलोक जाँगीड, धर्मेंद्र बंजारा, बजरंग कुमावत, सुवलाल सेनी, राजेंद्र गुलिया, नीरू कुमावत, अर्पित सेनी, अखिल शर्मा, मुकुल अग्रवाल, नितिन खंडेलवाल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एनसीसी क्रिकेट एकेडमी के खिलाड़ी समीर गौरा ने रचा इतिहास

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं शहर के दूल्हा सिंह की ढाणी स्थित एनसीसी क्रिकेट एकेडमी के खिलाड़ी समीर गोरा ने एक ओवर में लगातार पांच गेंद पर पांच विकेट लेकर इतिहास रच दिया है । इसी पल को सेलिब्रेट करने के लिए एकेडमी में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। एनसीसी क्रिकेट एकेडमी के डायरेक्टर एन आर गोरा ने बताया कि पिछले दिनों नेशनल क्रिकेट क्लब जयपुर वर्सेस एनसीसी क्रिकेट क्लब के बीच अंडर 16 मैच खेला गया था, जिसमें एनसीसी क्रिकेट क्लब के प्लेयर समीर गोरा ने लगातार पांच बॉल में 5 विकेट लेकर ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया, जिस पर समीर को बॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।

वहीं वॉरियर्स क्रिकेट क्लब वर्सेस एनसीसी क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया, जिसमें एनसीसी क्रिकेट एकेडमी के मनुज ने 58 बॉल में शतक लगाकर अपनी टीम को विजय बनाया जिसमें 20 चौके और एक सिक्स शामिल था । इधर नेशनल क्रिकेट एकेडमी और एनसीसी क्रिकेट क्लब के बीच एक मैच और खेला गया



जिसमें एनसीए मथुरा के खिलाफ जीतू सैनी ने 76 बॉल में शानदार शतक लगाकर अपनी टीम को विजय बनाया । जीतू ने अपनी पारी में 21 चौके और एक सिक्स लगाया । मनुज और जीतू सैनी को एनसीसी क्रिकेट एकेडमी की टी शर्ट भेंट की गई।सम्मान समारोह के दौरान डॉ. नानूराम डागर, पवन सैनी, भव्य पारीक, आर्यन सैनी, मंथन सोढ, उर्वशी सोनी, श्यामा शर्मा, विदुषी शर्मा, संजू, सिमरन शर्मा ,अनिल यादव, अनीता, काजल ,आयुष रोलानिया, अंजली शर्मा सहित कई खिलाड़ी मौजूद रहे ।गौरतलब है कि एनसीसी क्रिकेट एकेडमी के खिलाड़ी जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं ।

# लोकसभा आम चुनाव-2024- होम वोटिंग के पहले दिन 6251 बुज़ुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने किया घर पर ही मतदान

**जयपुर (हमारा वतन)।** लोकसभा आम चुनाव-2024 में 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाता तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाता भारत निर्वाचन आयोग की पहल पर पहली बार घर से ही उत्साहपूर्वक मतदान कर रहे हैं। प्रदेश के 12 लोकसभा क्षेत्रों में शुक्रवार से होम वोटिंग की शुरुआत हुई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के अंतर्गत प्रदेश में 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाता तथा दिव्यांग मतदाताओं को घर से ही मतदान करने की सुविधा का विकल्प दिया गया है। प्रदेश में शुक्रवार को होम वोटिंग के पहले दिन 4619 बुजुर्ग तथा 1632 दिव्यांग मतदाताओं ने घर से मतदान करने की सुविधा का लाभ लिया है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के 12 लोकसभा क्षेत्रों के लिए पात्र 36,558 पात्र मतदाताओं के फॉर्म स्वीकृत किए गए हैं। इनमें 27,443 वरिष्ठ नागरिक और 9,115 दिव्यांग शामिल हैं। विशेष मतदान दल ऐसे मतदाताओं के घर जाकर पूरी गोपनीयता के साथ डाक मतपत्र के माध्यम से उनका मतदान करवा रहे हैं। प्रथम चरण के लोकसभा क्षेत्रों में होम वोटिंग के लिए मतदान की प्रक्रिया 5 से 13 अप्रैल तक चलेगी। किसी कारण से मतदाता के होम वोटिंग के लिए अनुपस्थित या वंचित रह जाने पर दूसरा चरण 15 से 16 अप्रैल के बीच होगा।

**कई दिव्यांग मतदाताओं ने किया**



**पहली बार मतदान-**प्रथम चरण के 12 लोकसभा क्षेत्रों में विशेष मतदान दलों ने पूरी सक्रियता के साथ शुक्रवार सुबह 9 बजे से होम वोटिंग के लिए मतदाताओं के घर-घर जाना प्रारम्भ किया। हनुमानगढ़ जंक्शन की बाबा श्याम कॉलोनी के 24 वर्षीय जगदीप सिंह (विशेष योग्यजन) का मतदान को लेकर उत्साह देखते ही बनता है..उन्होंने उत्साह के साथ कहा कि मैंने तो वोट किया, अब बुआ को भी बताऊंगा।

इसी तरह अलवर के हाउसिंग बोर्ड निवासी सुंदर सिंह ने कहा मतदान केंद्र पर मत डालने में असमर्थ था,घर पर ही मतदान कराया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने मुझ जैसे मतदाताओं को यह अच्छी सहूलियत दी है। मैंने तो वोट कर दिया है, मुझे बहुत अच्छा लगा। अब आप भी जरूर करना। मुझे से और मतदाताओं को भी प्रोत्साहन मिलेगा। अलवर शहर के ही तीजकी रोड़ निवासी 90 वर्षीय मतदाता अनारो देवी ने मताधिकार का उपयोग किया। अनारो देवी के पुत्र सत्यपाल ने कहा मतदान केंद्र तक माताजी को ले जाने में काफी परेशानी होती होम वोटिंग से बहुत सहूलियत हुई है। जयपुर के बनीपार्क निवासी पूर्व न्यायाधीश वीएस दवे ने होम वोटिंग सुविधा के तहत घर से मतदान किया। उन्होंने बताया कि वे 1952 से वोट करते आ रहे हैं। उन्होंने कभी भी वोट देना नहीं छोड़ा। उम्र 92 साल होने के कारण उन्होंने होम वोटिंग के लिए आवेदन किया था। होम वोटिंग के तहत घर से मतदान की सुविधा मुहैया करवाए जाने पर उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग का आभार जताया। साथ ही उन्होंने सभी से मतदान जरूर करने की अपील भी की है। उन्होंने कहा- वोटिंग का दिन एक राष्ट्रीय पर्व की तरह है। हर वोटर का दायित्व और जिम्मेदारी है कि देश के लिए, विकास के लिए अवश्य मताधिकार का प्रयोग करें।



## राष्ट्रीय कुम्हार महासभा के अध्यक्ष ने की मुख्यमंत्री को मिट्टी से बनी बोतल भेंट

**लक्ष्मणगढ (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के लक्ष्मणगढ आगमन पर राष्ट्रीय कुम्हार महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष हरिराम प्रजापत ने मुख्यमंत्री को मिट्टी से बनी बोतल भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर समाज के प्रबुद्ध जन भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री सीकर लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी स्वामी सुमेधानंद सरस्वती के रामलीला मैदान आयोजित जनसभा को संबोधित करने लक्ष्मणगढ आए थे।

इस दौरान सभास्थल पर प्रजापत ने मुख्यमंत्री को मिट्टी से बनी बोतल भेंट कर स्वागत किया।

## पंडित रविंद्र आचार्य ने किया महामंत्री बीएल भंडारी का सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने शहर के रीगस रोड आमलियाँ स्थित राजेश ई मित्र पर वरिष्ठ पत्रकार एवं चौमूं प्रेस क्लब के महामंत्री बीएल भंडारी का क्षेत्र में पत्रकारिता के क्षेत्र में किए जा रहे सराहनीय कार्य के लिए सम्मान किया । इस दौरान पंडित रविंद्र आचार्य ने हस्तलिखित हस्तरेखा विज्ञान की पुस्तक व श्याम कलम, दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चौमूं पूर्वी के प्रवक्ता राजेश कुमार वर्मा भी उपस्थित रहे।







## श्री बिरदीचंद फाउंडेशन और राजस्थान रॉयल फिटनेस जिम ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

**जयपुर (हमारा वतन)।** श्री बिरदीचंद फाउंडेशन और राजस्थान रॉयल फिटनेस जिम के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें युवाओं ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया । रक्तदान शिविर में प्रचार मंत्री राजस्थान नाथ समाज बनवारी लाल योगी , लालू बाबा समाज सेवी , जिम डायरेक्टर शंकर योगी , समाज सेवी अनुराग शर्मा, सत्यनारायण ,मनीष, अधिवक्ता अमरचंद सैनी , चेतन जांगिड़ ,टीना योगी, उमेश योगी ,रामेश्वर सैनी, राधे कृष्णा आईटी मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट डायरेक्टर कौशल कुमार योगी सहित कई लोग मौजूद रहे ।

# दी बार एसोसिएशन चौमूं का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न







**जयपुर (हमारा वतन)।** दी बार एसोसिएशन चौमूं का शपथ ग्रहण समारोह दौलतशाह बाबा की दरगाह के पास नई बिल्डिंग में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति अनिल उपमन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला न्यायाधीश जयपुर जिला अजीत कुमार हींगर ने की । विशिष्ट अतिथि बार काउंसिल आफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष बीरी सिंह सिनसिनवार और पूर्व विधायक रामलाल शर्मा रहे। मुख्य अतिथि न्यायाधिपति अनिल उपमन ने दीबार एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी और कार्यकारिणी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई । सभी को प्रमाण पत्र भेंट किए । इससे पूर्व अतिथियों ने सरस्वती माता की फोटो के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर,साफा पहनाकर और स्मृतिस्वरुप वीर हनुमान जी सामोद की फोटो फ्रेम भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया।

मुख्य अतिथि न्यायाधिपति अनिल उपमन ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि बार एसोसिएशन का चुनाव 1साल के लिए होता है। एक बार और बेंच का समन्वय बनाए रखने के लिए बार एसोसिएशन का महत्वपूर्ण रोल होता है। अधिवक्ता अपनी समस्याओं को बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के माध्यम से न्यायपालिका को अवगत कराते हैं। न्यायपालिका जो उचित समस्याएं होती हैं उनका निराकरण करती है। इससे बार और बेंच के संबंध भी मधुर बने रहते हैं। सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों और कार्यकारिणी को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ। दी बार एसोसिएशन चौमूं अध्यक्ष कैलाश गोरा और महासचिव महेश देव सैनी ने सभी आगंतुकों का आभार जताया और कहा कि पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए हम हमेशा तैयार रहेंगे।

इस दौरान चौमूं उपखंड अधिकारी दिलीप सिंह राठोड , चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता हेमाराम चौधरी, विनोद कुमार शर्मा, नानू सिंह शेखावत, पूर्व अध्यक्ष विजय चौधरी, पूर्व महासचिव संदीप पारीक, प्रवीण तंवर, पवन कुमार प्रजापति, सुनील उप्पल,रामलाल सैनी, विजय सैनी,रमेश भातरा सहित दी बार एसोसिएशन चौमूं के सदस्य मौजूद रहे ।

## राजस्थान पुलिस और सीबीएस साइबर फाउंडेशन के बीच एमओयू- साइबर क्राइम के प्रति चलेगा जन जागरूकता अभियान जयपुर

**जयपुर (हमारा वतन)।** राजस्थान पुलिस प्रदेश में साइबर अपराधों की रोकथाम और साइबर क्राइम के नये-नये तरीकों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए सीबीएस साइबर फाउंडेशन के साथ मिलकर कार्य करेगी।



इस दिशा में शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में महानिदेशक, साइबर अपराध, एससीआरबी एवं तकनीकी सेवाएं रवि प्रकाश मेहरड़ा की मौजूदगी में राजस्थान पुलिस और फाउंडेशन के बीच एमओयू हुआ। राजस्थान पुलिस की ओर से महानिरीक्षक, एससीआरबी शरत कविराज तथा सीबीएस साइबर फाउंडेशन की तरफ से फाउंडर और सीईओ डॉ. सीबी शर्मा (रिटायर्ड आईपीएस) ने इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एमओयू के तहत दोनों पक्ष मिलकर कम्प्यूटर तकनीकी के सुरक्षित उपयोग के लिए नागरिकों को सजग और सतर्क बनाने के लिए साइबर अवेयरनेस कैम्पेन चलाएंगे। इसमें कम्प्यूटर्स, मोबाईल, सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स, ई-कॉमर्स एप्लीकेशन, ऑनलाइन बैंकिंग, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) एवं मशीन लर्निंग टेक्नोलॉजी के सुरक्षित उपयोग के बारे में लोगों को जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा साइबर अवेयरनेस के लिए सेमीनार, वर्कशॉप, वेबिनार एवं कॉन्फ्रेंस जैसी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। वहीं ऑनलाइन सर्टिफिकेशन कोर्स, ऑनलाइन डिप्लोमा कोर्स, साइबर सिक्योरिटी ट्रेनिंग, इंटर्नशिप और रिसर्च जैसे विषयों पर भी साझा पहल की जाएगी।

## जॉब्स-


1. डीएसएसएसबी, पद सफाई कर्मचारी, ड्राइवर, चौकीदार व अन्य, पद संख्या 556, अंतिम तिथि 18 अप्रैल 2024
2. बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स, पद हेड कांस्टेबल एसआई, पद संख्या 82, अंतिम तिथि 15 अप्रैल 2024
3. एसएससी, पद जूनियर इंजीनियर, पद संख्या 966 अंतिम तिथि 18 अप्रैल 2024
4. नवोदय विद्यालय समिति, पद विभिन्न नॉन टीचिंग पोस्ट, पद संख्या 1377, अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2024
5. साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे,पद ट्रेड अप्रेंटिस, पद संख्या 1113 अंतिम तिथि 1 मई 2024
6. डॉ राम मनोहर लोहिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस लखनऊ, पद नर्सिंग ऑफिसर, पद संख्या 665, अंतिम तिथि 21 अप्रैल 2024
7. चितरंजन लोकोमोटिव वर्क्स, पद ट्रेड अप्रेंटिस, पद संख्या 492, अंतिम तिथि 18 अप्रैल 2024
8. रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स, पद कांस्टेबल और एसआई पद संख्या 4758 अंतिम तिथि 14 मई 2024




# मृणाल ठाकुर

## के मुरीद हुए विजय देवराकोंडा एक्ट्रेस के चेहरे के दिवाने हैं

विजय देवराकोंडा और मृणाल ठाकुर ने अपनी फिल्म फैमिली स्टार के ट्रैक कल्याणी वाचा वाचा पर डांस करते हुए अपना एक वीडियो शेयर किया था। हाल ही में फैमिली स्टार विजय देवराकोंडा अपनी को-स्टार मृणाल ठाकुर के साथ केमिस्ट्री को लेकर जमकर तारीफ करते नजर आए। मृणाल ठाकुर छोटी उम्र से ही काम कर रही हैं।विजय देवरकोंडा अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर काफी सुर्खियों में है। एक्टर अपनी अपकमिंग फिल्म फैमिली स्टार की रिलीज के लिए तैयार हैं। हाल ही में विजय ने को-स्टार मृणाल ठाकुर के साथ काम करने का अपना अनुभव का शेयर किया। बात करते हुए, अर्जुन रेड्डी स्टार विजय देवराकोंडा ने कहा, जब आपके साथ एक बुद्धिमान अभिनेत्री होती है, तो यह बहुत आसान होता है। मृणाल मेरे फिल्मों का सपना देखने से पहले से ही अभिनय कर रही हैं। वह छोटी उम्र से ही काम कर रही हैं। वह बहुत तेजी से चीजें उठाती है।मैं मृणाल ठाकुर से कहता रहता हूं कि उसे चेहरे का वरदान मिला है। भले ही वह बहुत ज़्यादा बयान न करे, लेकिन उसकी फीलिंग्स को आप महसूस कर सकते हैं। उसकी नाक, होंठ और आंखों की जोमेट्री में कुछ ऐसा है कि भावनाएं अच्छी तरह से सामने आती हैं, भले ही वह भाषा नहीं जानती हो। उनके साथ काम करना बहुत आसान था। एक दिन पहले, अभिनेताओं ने अपनी फिल्म फैमिली स्टार के ट्रैक कल्याणी वाचा वाचा पर डांस करते हुए अपना एक वीडियो साझा किया था। दोनों को फेस्टिव आउटफिट्स में ट्विनिंग देखा जा सकता है। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया, आप सभी के साथ फैमिली स्टार का जश्न मना रहा हूं। अभी अपने टिकट बुक करें। मृणाल ठाकुर और विजय देवरकोंडा ने भी इंस्टाग्राम पर श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के साथ एक कोलाब पोस्ट साझा किया और उन्होंने इसे कैप्शन दिया, हम एक खुशहाल परिवार हैं।



## अनुपमा फेम रुपाली गांगुली ने सुनाई अपनी स्ट्रगल स्टोरी, बोलीं- घर चलाना होता था, जो रोल मिलता कर लेती थी

टीवी सीरियल अनुपमा की लीड एक्ट्रेस रुपाली गांगुली आज घर-घर में मशहूर हैं, लेकिन उन्होंने ऐसा भी वक्त देखा है जब लोग उन्हें दया की नजर से देखा करते थे। एक्ट्रेस ने खुद सुनाई अपनी स्ट्रगल स्टोरी। अनुपमा सीरियल की लीड एक्ट्रेस रुपाली गांगुली ने एक इंटरव्यू में अपने संघर्ष के बारे में बताया कि कैसे उन्होंने एक वक्त पर घर चलाने के लिए हर तरह के रोल किए हैं। रुपाली गांगुली ने उन दिनों को याद किया जब वो टीवी शोज में काम किया करती थीं और उनकी (बंगाली कम्युनिटी) के लोग उन पर तरस खाया करते थे। एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने अपने करियर में ऐसा क्या किया है जिसकी वजह से आज वो इस पादयान पर हैं जहां लोग उनके बारे में बात करते हैं और वह अनुपमा के नाम से घर-घर में मशहूर हो चुकी हैं।



**नीची नजर से देखते थे बंगाली कम्युनिटी के लोग**–अनुपमा सीरियल से पहले भी रुपाली ने कई अहम रोल किए हैं, लेकिन उनके लिए यह सफर आसान नहीं रहा। रुपाली गांगुली ने कहा, टीवी के दिन भी बहुत संघर्ष भरे थे। मुझे घर चलाना होता था, इसलिए जो भी काम मिलता था, मैं कर लेती थी। खासतौर पर बंगाली कम्युनिटी में इसे नीची नजर से देखा जाता था। तो एक तरह से आप आउटकास्ट हो जाते हैं। लोगों को मुझ पर दया आती थी क्योंकि मैं टीवी में काम कर रही थी और मुझे इस सबसे कोई फर्क नहीं पड़ता था क्योंकि उन दिनों हमें घर का खर्च चलाना होता था।

# जरूरी है गुस्से के कारणों को समझना ये टिप्स करेंगे आपकी मदद



हमारी जीवनशैली पर सब कुछ निर्भर करता है। यहां तक कि आपको गुस्सा आना भी आपकी जीवनशैली से जुड़ चुका है। देखा जाए तो अब गुस्सा आना भी आजकल की एक बड़ी समस्या बन गया है। गुस्से के कारण और बचाव के बारे में विशेषज्ञ से बातचीत कर जानकारी दे रही हैं निधि गोयल वैज्ञानिकों के अनुसार, गुस्सा हमारी भावना को व्यक्त करने का माध्यम है। हम जब ज्यादा परेशान हो जाते हैं या हमारे मन में कोई डर बैठ जाता है या फिर हमें किसी चीज के खो जाने का डर होता है और उस डर का सामना करने की स्थिति नजर नहीं आती है, तो गुस्सा आता है। कई बार ऐसा होता है कि हम किसी को अपनी बात समझाना चाहते हैं, लेकिन दूसरा व्यक्ति उस बात को समझने की बजाय उस पर वाद-विवाद करने लगता है। ऐसे में आप अपना साधारण स्वभाव भूल जाते हैं और उस पर गुस्सा करने लगते हैं। गुस्से की स्थिति में हार्मोन के प्रभाव से हमारा दिमाग सुन्न हो जाता है, जिसका असर हमारी सोचने की क्षमता पर पड़ता है। इस कारण हम किसी के साथ बुरा व्यवहार तो कर बैठते हैं, लेकिन बाद में हमें पछतावा होता है।

### लक्षण को पहचानें

- ❐ पेट में गांठें पड़ने लगती हैं।
- ❐ जबड़े या मुट्ठियां भिंचने लगती हैं।
- ❐ चेहरा लाल होने लगता है।
- ❐ सांसें तेज हो जाती हैं।
- ❐ सिरदर्द होने लगता है।
- ❐ हृदय की धड़कन बढ़ जाती है।
- ❐ कंधे कड़क हो जाते हैं।

**क्या करें उपाय**

**करें साधारण भोजन**– शरीर में किसी भी समस्या की शुरुआत आपके खानपान में किसी गड़बड़ी की वजह से होती है। ज्यादा मसालेदार भोजन हमारे शरीर के लिए हानिकारक होता है। इससे शरीर में ज्यादा गर्मी पैदा होती है, जिससे गुस्से की आशंका ज्यादा हो जाती है। एक कहावत प्रसिद्ध है कि जैसा खाए अन्न, वैसा रहे मन। इसलिए जिन लोगों को बहुत गुस्सा आता है, उन्हें हमेशा सादा और बिना तेल-मसाले वाला भोजन करना चाहिए।

**व्यायाम करें** – अगर आप बार-बार गुस्सा करते हैं, तो गुस्सा से संबंधित रसायन की मात्रा आपके शरीर में बढ़ती जाती है। विशेषज्ञों के अनुसार, इसे अपने शरीर से बाहर निकालने का सबसे अच्छा तरीका व्यायाम है। इसलिए व्यायाम के लिए रोज दिन में समय निकालें। अगर आप सुबह समय निकाल पाते हैं, तो और बेहतर। इस समय आप तेज चहलकदमी करें। इसके लिए तैराकी भी अच्छा व्यायाम है।

**पूरी नींद लें** – गुस्सा तभी आता है, जब तनाव बहुत अधिक बढ़ जाता है। गुस्से का सीधा संबंध तनाव से है और तनाव कम करने का एक बहुत ही अच्छा उपाय है अच्छी नींद लेना। इसलिए पूरी नींद लें। कम नींद लेने से आप खुद को कमजोर महसूस करते हैं, जबकि पूरी और गहरी नींद लेने पर आप काफी तरोताजा महसूस करते हैं। इससे आपका दिमाग काफी सहज महसूस करता है और आपकी काम करने की क्षमता भी काफी बढ़ जाती है। इस दौरान हास्य से भरपूर किताबें और फिल्में देखना, गाने सुनना आदि आपके गुस्से पर काफी हद तक काबू पाने में सहायक साबित होते हैं।



# डिहाइड्रेशन

## गर्मी में से है बचना तो पढ़ें ये बातें

गर्मियों का मौसम आते ही डिहाइड्रेशन की शिकायत होने लगती है। शरीर में पानी की कमी होने की वजह से शरीर से विषाक्त तत्व बाहर नहीं निकल पाते, अवशिष्ट पदार्थों का विष शरीर के अंदर फैल जाने की वजह से पाचन-तंत्र कमजोर होने के साथ-साथ आंत में संक्रमण, जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द जैसी समस्याओं से भी दो-चार होना पड़ता है। शरीर का 70 प्रतिशत हिस्सा जल से निर्मित है। गर्मियों में पसीने, यूरिन और मोशन के जरिये शरीर से पानी का बहुत बड़ा हिस्सा बाहर निकलता रहता है। भरपूर मात्रा में पानी न पिएं तो शरीर में पानी की कमी हो जाती है, जो डीहाइड्रेशन का कारण बनती है।

**क्या है डिहाइड्रेशन :** आप जितना तरल पदार्थ ग्रहण करते हैं, उससे अधिक आपके शरीर से पसीने, मोशन, उल्टी और यूरिन के जरिये बाहर निकल जाता है। इस वजह से शरीर में जितने तरल पदार्थ की जरूरत होती है, उतना ठहर नहीं पाता। इसी स्थिति को डिहाइड्रेशन कहते हैं। इसकी वजह से शरीर का पाचन-तंत्र ठीक तरह से काम नहीं कर पाता, जिस कारण उल्टी और दस्त की समस्या शुरु हो जाती है। उल्टी और दस्त की वजह से मरीज को कमजोरी महसूस होने लगती है। ऐसी अवस्था में बिना देर किए मरीज को हॉस्पिटल में भर्ती करवाना चाहिए, जिससे ड्रिप के माध्यम से उसे ऊर्जा दी जा सके।

**डिहाइड्रेशन के रूप**

हाइपोटॉनिक : इसमें शरीर में सामान्य रूप से इलेक्ट्रोलाइट खासकर सोडियम की कमी हो जाती है।

हाइपरटॉनिक : इस डिहाइड्रेशन में शरीर में जल की मात्रा बहुत कम हो जाती है।

इसोटॉनिक : इसमें शरीर में पानी के साथ-साथ इलेक्ट्रोलाइट की भी कमी हो जाती है।

**कितनी गंभीर है यह समस्या**

गंभीरता के आधार पर डिहाइड्रेशन को तीन प्रमुख भागों माइल्ड, मॉडरेट और सीवियर में बांटा जा सकता है। माइल्ड डिहाइड्रेशन में शरीर के सम्पूर्ण तरल में से दो प्रतिशत की हानि होती है। मॉडरेट में शरीर के लिए आवश्यक सम्पूर्ण जल में से पांच प्रतिशत की कमी हो जाती है। माइल्ड और मॉडरेट डिहाइड्रेशन होने पर चेहरा चिपचिपा होने और मुंह सूखने के अलावा बहुत ज्यादा प्यास लगती है।

इस स्थिति में नींद नहीं आती। सीवियर डिहाइड्रेशन में शरीर में मौजूद तरल में से 10 प्रतिशत नष्ट हो जाता है। बहुत ज्यादा प्यास लगना, रक्तचाप कम हो जाना, धड़कन तेज हो जाना, तेज बुखार हो जाना जैसे लक्षण देखने को मिलते हैं। बच्चों में इसकी वजह से घबराहट होने और बहुत ज्यादा नींद आने जैसी समस्या देखने को मिलती है। इन लक्षणों को देखते ही मरीज को तुरंत डॉक्टर के पास ले जाना चाहिए।

## स्वास्थ्य के लिए गर्म ही नहीं, ठंडा दूध भी है लाभदायक

एसिडिटी की समस्या का अक्सर सामना करना पड़ता है। कई बार खाने में देरी या हैवी खाने से गर्मियों में सीने में जलन का अहसास होता है। ऐसे में ठंडे दूध का सेवन करें। इससे आपको तुरंत राहत का अहसास होगा। जब भी दूध की बात आती है तो हमेशा गर्म दूध पीने की सलाह दी जाती है। यह सच है कि गर्म दूध सेहत के लिए लाभदायक है, लेकिन इसका अर्थ यह कतई नहीं है कि ठंडे दूध से कोई लाभ प्राप्त नहीं होता। अगर आप ठंडे दूध का सेवन गर्मी के मौसम में करते हैं तो इससे आप कई स्वास्थ्य समस्याओं से बच सकते हैं। तो चलिए जानते हैं ठंडा दूध पीने से होने वाले कुछ बेहतरीन स्वास्थ्य लाभों के बारे में?

**नहीं बढ़ेगा मोटापा**–मोटापा जिस तरह महामारी का रूप लेता जा रहा है, उससे निपटने के लिए लोग दवाइयों, डाइटिंग व अन्य कई उपाय अपनाते हैं। लेकिन अगर आप बेहद ठंडा दूध पीते हैं तो इससे भी आपको वजन कम करने में सहायता मिलती है। दरअसल, चिल्ड दूध को पीने के बाद शरीर को पहले उसे नॉर्मल तापमान पर लाने के लिए कैलोरी बर्न करनी पड़ती है। इसके बाद उसे पचाने में भी कैलोरी का इस्तेमाल होता है। इस प्रकार कहा जाए तो अतिरिक्त कैलोरी बर्न करने के लिए ठंडा दूध पीना एक अच्छा उपाय हो सकता है।

**गर्मी में लाभदायक**–ठंडे दूध का वास्तविक लाभ गर्मियों में ही प्राप्त होता है। इससे शरीर को ठंडक तो मिलती हैं ही, साथ ही ठंडा दूध शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद करता है। इसमें मौजूद एलेक्ट्रोलाइट्स शरीर को डीहाइड्रेशन होने से रोकते हैं। लेकिन अगर आपको पहले से कोल्ड हो तो ठंडा दूध पीने से परहेज करें। इसके अतिरिक्त इसका सेवन रात की बजाय सुबह करें, तो आपको काफी लाभ होगा।




हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# बिजली की कमी दूर करने का ग्रेट प्लान

परमाणु बिजली के क्षेत्र में भारत जल्द ही एक लंबी छलांग लगाने वाला है। माना जा रहा है कि इससे कुछ दशकों के अंदर भारत के परमाणु बिजली घरों से इतनी बिजली पैदा होने लगेगी कि वह कई सौ सालों तक अपनी संपूर्ण आबादी और कल-कारखानों की बिजली जरूरतें पूरी कर सकेगा।चेन्नै के पास कलपक्कम स्थित इंदिरा गांधी सेंटर फॉर एटॉमिक रिसर्च में पिछले करीब तीन दशकों से बन रहा 500 मेगावॉट का फास्ट ब्रीडर रिएक्टर अब शुरू होने की स्थिति में आ गया है। मार्च की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में एक अहम कदम उठाया गया जब रिएक्टर यानी परमाणु बिजली भट्ठी में ईंधन के तौर पर प्लूटोनियम- यूरेनियम को भरना शुरू किया गया। यह फास्ट ब्रीडर रिएक्टर नमूने के तौर पर बनाया गया है। इसलिए इसे प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर कहा जाता है। इसके सफल होने के बाद ऐसे कई और फास्ट ब्रीडर रिएक्टर बनाए जाएंगे। वैसे तो भारत में परमाणु बिजली पैदा करने के लिए कई रिएक्टर चल रहे हैं, लेकिन फास्ट ब्रीडर रिएक्टर की खासियत यह है कि इसमें जितना परमाणु ईंधन डाला जाएगा, उससे कहीं अधिक ईंधन रिएक्टर में पैदा हो जाएगा। इसलिए इसे ब्रीडर रिएक्टर कहा जाता है। ऐसा रिएक्टर अब तक केवल रूस में बना है। भारत ब्रीडर रिएक्टर बनाने वाला दूसरा देश होगा। परमाणु ईंधनों के दोबारा इस्तेमाल होते रहने से कचरा जमा नहीं होगा, जिससे इसके भंडारण की समस्या भी नहीं रहेगी। फास्ट ब्रीडर रिएक्टर शुरू होने से भारत का तीन चरणों वाला परमाणु बिजली कार्यक्रम दूसरे चरण के एक अहम मुकाम पर पहुंच जाएगा। पहले चरण के परमाणु बिजली घरों में यूरेनियम से बिजली पैदा की जा रही है।


राम गोपाल सैनी

दूसरे चरण के फास्ट ब्रीडर रिएक्टरों से पैदा ईंधन को तीसरे चरण वाले परमाणु रिएक्टरों में इस्तेमाल किया जाएगा, जिसमें ईंधन के तौर पर थोरियम का मिश्रण किया जाएगा। भारत के समुद्र तटों पर मोनाजाइट के रूप में थोरियम इतनी मात्रा में उपलब्ध है कि इसके इस्तेमाल से भारत में असीमित परमाणु बिजली पैदा की जा सकती है। भारत और विकसित देशों में फिलहाल यूरेनियम से परमाणु बिजली पैदा की जाती है लेकिन भारत में इतना यूरेनियम नहीं है कि बड़े पैमाने पर यूरेनियम आधारित परमाणु बिजली घर खोले जाएं। इसी वजह से भारत के महान परमाणु वैज्ञानिक डॉ. होमी भाभा ने 1958 में तीन चरणों वाले परमाणु बिजली कार्यक्रम का प्रस्ताव किया था, जिसे लागू करने की मंजूरी तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने दी थी। पहले चरण के परमाणु बिजली कार्यक्रम को लागू करने के लिए अमेरिका और कनाडा जैसे देशों से भरपूर सहयोग मिल रहा था, लेकिन 1974 के पोखरण परमाणु परीक्षणों के बाद इन देशों ने हाथ खींच लिए। पश्चिमी देशों ने तब भारत पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए, जिससे उसका परमाणु कार्यक्रम बुरी तरह प्रभावित हुआ। लेकिन 2008 में अमेरिका से परमाणु सहयोग समझौते के बाद अब भारत एक बार फिर दुनिया की परमाणु मुख्यधारा में शामिल हो चुका है। पहले चरण के परमाणु कार्यक्रम में हेवी वॉटर आधारित रिएक्टरों का निर्माण किया गया। इनमें ईंधन के रूप में प्राकृतिक यूरेनियम का इस्तेमाल किया जाता है। इससे प्लूटोनियम पैदा होता है, जिसका इस्तेमाल परमाणु बम बनाने में भी किया जाता है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय की इस पर करीबी नजर होती है। चूंकि भारत का इरादा दूसरे चरण में बनने वाले फास्ट ब्रीडर रिएक्टरों में पहले चरण के परमाणु बिजलीघरों से निकले प्लूटोनियम का इस्तेमाल करने का था, इसलिए भारत का दूसरे चरण का परमाणु कार्यक्रम धीमा हो गया था। फास्ट ब्रीडर रिएक्टरों में डाला जाने वाला ईंधन इसी प्लूटोनियम को प्राकृतिक यूरेनियम से मिश्रित कर बनाया जाता है। इस प्राकृतिक यूरेनियम में 0.7% यूरेनियम-235, 99.3% यूरेनियम-238 और यूरेनियम-234 का कुछ अंश होता है।

### निर्वाचन विभाग ने दूसरे चरण के 13 लोकसभा क्षेत्रों की एकीकृत मतदाता सूचियों का प्रकाशन किया

# राजस्थान में कुल 5.35 करोड़ से अधिक मतदाता पंजीकृत

जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान में लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए दूसरे चरण के 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के लिए मतदाता सूचियां प्रकाशित की गई हैं। ये सूचियां विभाग की वेबसाइट ceorajasthan.nic.in पर उपलब्ध हैं। इन सूचियों के अनुसार, इन 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 2 करोड़ 80 लाख 78 हजार 399 मतदाता पंजीकृत हैं,

जिनमें से 26 हजार 837 सर्विस वोटर हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार को प्रकाशित मतदाता सूचियों के अनुसार दूसरे चरण में मतदान वाले 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 1 करोड़ 44 लाख 48 हजार 966 पुरुष, 1 करोड़ 36 लाख 2 हजार 272 महिला और 324 थर्ड जेंडर मतदाता पंजीकृत हैं। 18-19 वर्ष आयु के 8 लाख 66 हजार 325 नव मतदाता पंजीकृत हैं। पंजीकृत दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 3 लाख 22 हजार 829 और 85 वर्ष से अधिक आयु के 3 लाख 1 हजार 742 मतदाता पंजीकृत हैं। पाली में सर्वाधिक 23 लाख 48 हजार 274 मतदाता पंजीकृत हैं। अजमेर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में सबसे कम 19 लाख 99 हजार 399 मतदाता पंजीकृत हैं। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 2 करोड़ 80 लाख 78 हजार 399 मतदाता पंजीकृत हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा आम चुनाव में इन क्षेत्रों में कुल 2 करोड़ 57 लाख 77 हजार 11 मतदाता पंजीकृत थे। अब इन क्षेत्रों में कुल मतदाताओं की संख्या में 23 लाख 1 हजार 378 की वृद्धि हो गई है। बागीदौरा विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 69 हजार 258 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 1 लाख 36 हजार 658 पुरुष, 1 लाख 32 हजार 599 महिलाएं और 1 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। गुप्ता ने बताया प्रदेश के सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों का प्रकाशन कर दिया गया है। लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए राजस्थान में कुल 5 करोड़ 35 लाख 8 हजार 10 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 1 करोड़ 40 लाख 907 सर्विस वोटर हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा आम चुनाव के दौरान 4 करोड़ 89 लाख 56 हजार 634 मतदाता पंजीकृत हैं। प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या में 45 लाख 51 हजार 376 की वृद्धि हो गई है।



मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश के सभी 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से पाली में सर्वाधिक 23 लाख 48 हजार 274 मतदाता पंजीकृत हैं। दौसा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में सबसे कम 19 लाख 3 हजार 520 मतदाता है। गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2019 के मुकाबले वर्ष 2024 में कुल मतदाताओं में सर्वाधिक वृद्धि बाड़मेर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हुई है।

## जयपुर में ज्वेलर के घर चोरी

जयपुर(नि.सं.)। जयपुर में एक ज्वेलर के घर चोरी का मामला सामने आया है। गेट के कुंदे काटकर बदमाश घर के अंदर घुसा। फिर तिजोरी तोड़कर उसमें रखे 10 लाख रुपए कीमत के गहने चोरी कर ले गया। मुहाना थाने में पीड़ित ज्वेलर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस वारदातस्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगालने पर बाइक सवार चोर नजर आ रहा है। हेड कॉन्स्टेबल प्रेम सिंह ने बताया- नारायण विहार जगन्नाथपुरा मुहाना निवासी धर्मराज सोनी के घर चोरी हुई है। उनकी शिवराज नगर मदरामपुरा में श्रीकृष्णा ज्वेलर्स के नाम से शॉप है। 30 मार्च को किसी काम से उन्हें भीलवाड़ा जाना था।

## किए हुए
### (कविता)

उदास चेहरे पर हँसी का
मेकअप किए हुए
फिर रहे है कितने लड़के

ब्रेकअप किए हुए
उदासियाँ भी उदास हैं,
उन्हें उदास देखकर
एक अरसा हो गया है,


उन्हें गपशप किए हुए
कोई पूछ ले जो हाल,
बस कहते ठीक है
के जमाना हुआ जवाब में,

थम्ब्स अप किए हुए
अब कोई डॉक्टर ही बताए ,
हाल -ए -दिल उन्हें
दिलरुबा को हुआ अरसा,
चेक अप किए हुए
तन्हाइयां विलेय हैं ,
दर्द -ए -दिल के आंसुओं में
पी रहे हैं अश्क़ फिर,
मिक्स अप किए हुए


सिद्धार्थ गोरखपुरी

## मन ही दोष है
### (कविता)

तेरा मन ही पुण्य है और मन ही पाप
यही फूल बनाता है और
यही बनाता राख
सुन्दर चीज को देख
मन अटक जाएगा
संभल इंसान तू भटक जाएगा
ऐ इंसान सारा तेरे मन का दोष है
किसी का कोई दोष नहीं
सब तेरा घोटाला है
क्या तुम्हें इतना भी होश नहीं
छोड़ दे अनियंत्रित मन का पीछा
हर बार दिखायेगा तुम्हें वही नीचा।
जब तक नियंत्रित मन की
वाणी समझ नहीं आएगी
तब तक तुम्हारी नैय्या फंसती जायेगी
मन को रोका पर रुका नहीं
कितना समझाया पर जाकर
झुका वहीं सुन्दर चीज को
देख तेरा मन हुआ अनियंत्रित
तेरा मन ही करता उसे आमन्त्रित
मन ही सुख ,मन ही दुख
बदलता है यही जिंदगी का रुख
ईश्वर कैसे प्राप्त होए
जब मन को तो कुछ और ही भाए
उसमें तो ढेरों तेरे शोक हैं समाए
ए इंसान तू मन के अधीन क्यों होता है
ईश्वर चाहिए ,सम्मान चाहिए तो
अपने मन को स्वयं के अधीन कर ले
थोड़ा यह मुश्किल काम तू कर ले
**-पूजा गाड़िया लोहार, झालावाड़**






RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सह सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा